<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ और प्रयागराज सहित देश में पैंतालीस स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में इकहत्तर हजार से अधिक नवनियुक्तों को वर्चुअली प्रदान किये नियुक्ति पत्र : कहा– डेढ़ साल में करीब दस लाख से अधिक युवाओं को दी गई हैं सरकारी नौकरियां।
- पीलीभीत में उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गये तीन खालिस्तान समर्थक आतंकवादी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ दो हजार पच्चीस की चल रही तैयारियों का किया निरीक्षण। कहा– सुरक्षा के किये जाएं पुख्ता इंतजाम।
- पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को किया सम्मानित।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल लखनऊ और प्रयागराज सहित देश भर में पैंतालीस जगहों पर आयोजित रोजगार मेलों में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में इक्हत्तर हजार से अधिक नवनियुक्तों को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है।

***भारत के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है।***

इस अवसर पर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इक्हत्तर हजार में से लगभग पचास हजार नियुक्तियां अर्द्ध सैनिक बलों में की गई हैं। उन्होंने कहा कि कुल नियुक्तियों में से लगभग इक्कीस हजार नियुक्ति पत्र अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को वितरित किए गए हैं।

देशभर में पैंतालीस जगहों पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के क्रम में प्रदेश के लखनऊ जिले के बिजनौर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल परिसर में केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने विभिन्न विभागों के लिये चयनित किये गये अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

***सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी भावी पीढ़ी है, हमारी युवा है और देश को आगे ले जाने के लिए यही लोग कि जो हमारे देश के युवा हों उनको सबसे पहले तो उनको हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराया जाये। चाहे एजुकेशन हो, चाहे ट्रेनिंग हो जिससे वो आगे अपना रोजगार पा सकें और रोजगार के लिए हर यथासंभव मदद करना हम लोगों की जिम्मेदारी है। चाहे वो प्रशिक्षण हो, ट्रेनिंग हो, इंटर्नशिप हो। इस तरह की बहुत सारी योजनाएं भारत सरकार चला रही है। उसी के तहत आज हमारे इस सीआरपीएफ के सेंटर में तेरह सौ युवाओं को हम लोगों ने नियुक्ति पत्र उनको दिया गया है और पूरे देश में आज की तारीख में इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र आज बांटा गया है।***

उधर, प्रयागराज में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अनुप्रिया सिंह पटेल ने नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

**********

पीलीभीत जिले में कल यूपी और पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन खालिस्तान समर्थक आतंकी मारे गए। माना जा रहा है कि ये आंतकी उन्नीस दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर हुए ग्रेनेड हमले में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में खालिस्तानी आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। पुलिस की संयुक्त टीम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी और मुठभेड शुरू हो गई। मुठभेड में आतंकी गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर अस्पताल भेजा गया। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ये तीनों आरोपी खालिस्तान कमांडो फोर्स नामक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े बताये गये है।

**********

कल प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ दो हजार पचीस की तैयारियों के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रयागराज में चल रही सभी टैक्सी, ऑटो और ई रिक्शा चालकों का सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री

ने यूपी पुलिस को इंटेलिजेंस को और बेहतर करने तथा भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया। श्री योगी ने कहा कि प्रयागराज के आस–पास माफिया पर बड़ी कार्यवाही हुई है, यह सुनिश्चित किया जाए कि महाकुंभ से पहले उनसे जुड़े अन्य बदमाशों पर भी कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुरक्षित महाकुंभ की परिकल्पना की है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। सुरक्षा बलों की तैनाती के बारे में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अबतक तक जिन बीस हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती हुई है, उन सभी का प्रशिक्षण जरूर करा लिया जाए। उन्होंने सुरक्षा को देखते हुए एंटी–ड्रोन सिस्टम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रयागराज नगर में जाम के समाधान के लिए पुख्ता कार्ययोजना तैयार की जाए। श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ में सर्वाधिक श्रद्धालु सड़क मार्ग से होकर आएंगे।

अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ और मिर्जापुर की ओर से बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होगा। ऐसे में प्रयागराज आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत और नये सिरे से निर्माण का कार्य समय से पूरा करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों और पर्यटको के ठहरने के लिए बनायी जा रही टेन्ट सिटी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि यहां भोजन की अच्छी व्यवस्था के साथ ही ठंड से बचाव के सभी जरूरी इंतजाम किए जाएं।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती कल प्रदेशभर में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर लखनऊ स्थित विधान भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को ट्रैक्टर की चाभी वितरित करने के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों और श्रेष्ठ उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी साहब की भावनाओं के अनुरूप डबल इंजन की सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

***जो प्रयास दो हज़ार चौदह से प्रारंभ हुआ वह अभूतपूर्व है। वह चाइल्ड हेल्थ कार्ड की व्यवस्था हो, उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाने का कार्य हो, खेती को तकनीक के साथ जोड़ने का कार्य हो या फिर किसानों के लिए किसान कृषक दुर्घटना बीमा योजना हो, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना हो, फसल बीमा योजना हो। कृषि सिंचाई की योजना हो या फिर किसान सम्मान निधि। आजादी के बाद जिन बातों के लिए चौधरी साहब का कांग्रेस के साथ मतभेद हुआ था और वह किसानों का मुद्दा था उन मुद्दों को पहली बार भारत के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाकर के सरकार की प्राथमिकता का विषय बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया।***

उधर, चौधरी चरण सिंह की जन्म स्थली हापुड़ के नूरपुर की मड़ैया गांव में किसान मेले का आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सराहनीय कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने सरकारी आवास पर जापान के यामानाशी प्रान्त के राज्यपाल कोटारो नागासाकी के साथ आये प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के सम्बन्ध सदियों से मैत्रीपूर्ण रहे हैं। इस अवसर पर औद्योगिक साझेदारी, पर्यटन और वोकेशनल शिक्षा को लेकर जापान के यामानाशी प्रांत और उत्तर प्रदेश के बीच अनुबंध भी हुआ। अनुबंध पत्र पर प्रदेश की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और यामानाशी प्रांत के गवर्नर पॉलिसी प्लानिंग ब्यूरो के महानिदेशक जुनीची ईशिदेरा ने हस्ताक्षर किया।

**********

देश की पहली सेमी हाई स्पीड स्वदेशी वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का ट्रायल शुरू हो चुका है। एक दिन पूर्व महोबा से खजुराहो के बीच सामान्य ट्रायल में ट्रेन को एक सौ पन्द्रह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया। इसमे सफलता मिलने पर कल इसका एक सौ तीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रायल किया गया।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में उन्नीस से चौबीस दिसम्बर के मध्य सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह आज शहर में अटल युवा महाकुंभ और अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करेंगे। रक्षामंत्री कल लखनऊ के कुड़िया घाट पर अटल जी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे और सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**********